Daily COVID-19 Updates

01 July, 2020




COVID-19 Tracker
As on 1st July, till 8 AM
Confirmed Cases 585,493 (▲18,653)
Active Cases 220,114 (▲4,989)
Cured* 347,979 (▲13,157)
Deaths 17,400 (▲507)
No. of Cases
0 - 500
501 - 2000
2001 - 10000
10001 - 20000
20000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (4000+)
MAHARASHTRA 174,761 (▲4878)
TAMIL NADU 90,167 (▲3943)
DELHI 87,360 (▲2199)
GUJARAT 32,557 (▲619)
UTTAR PRADESH 23,492 (▲664)
WEST BENGAL 18,559 (▲652)
RAJASTHAN 18,014 (▲354)
TELANGANA 16,339 (▲945)
KARNATAKA 15,242 (▲947)
ANDHRA PRADESH 14,595 (▲704)
HARYANA 14,548 (▲338)
MADHYA PRADESH 13,593 (▲223)
BIHAR 10,043 (▲403)
ASSAM 8,227 (▲475)
JAMMU & KASHMIR 7,497 (▲260)
ODISHA 7,065 (▲206)
PUNJAB 5,568 (▲150)
KERALA 4,442 (▲253)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
90,911
7,855
50,074
1,201
58,348
2,742
23,662
1,846
16,084
697
12,130
668
14,220
413
7,294
260
7,918
246
6,511
187
9,972
236
10,395
572
7,687
67
5,647
12
4,722
101
5,189
25
3,867
144
2,306
24
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

कोरोना महामारी के उपरांत श्रमिकों के लिए वरदान साबित होगा 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान'

कोविड-19 महामारी का सामान्य कामगारों, विशेषकर प्रवासी श्रमिकों को बुनियादी सुविधाएं एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के क्रम में मोदी सरकार ने विभिन्न सेक्टरों में विकास को नई गति प्रदान करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की। देश के पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी ढांचागत सुविधाएं तैयार करने पर विशेष जोर देते हुए रोजगार सृजन के लिए 20 जून, 2020 को 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया गया।

उत्तर प्रदेश में लगभग 30 लाख प्रवासी श्रमिक अपने-अपने घर वापस लौट चुके हैं। उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में 25,000 से भी अधिक प्रवासी श्रमिक अपने घर वापस आ चुके हैं। इनमें 5 आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार ने उद्योग और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए एक अनूठी पहल 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' की परिकल्पना की है जिसके तहत भारत सरकार और राज्य सरकार के कार्यक्रमों में सामंजस्य स्थापित किया गया है। यह अभियान रोजगार प्रदान करने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए औद्योगिक संघों और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करने पर विशेष रूप से केंद्रित है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 26 जून, 2020 को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संबंधित मंत्रालयों के मंत्री भी वर्चुअल लॉन्चिंग में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के छह जिलों के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी बनाए रखने के मानदंडों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के गांवों के लोग साझा सेवा केंद्रों (कॉमन सर्विस सेंटर) और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

Positive India:

1. National Doctor's Day 2020: महामारी में मानवता की मिसाल पेश कर रहे चिकित्सक व स्वास्थ्य योद्धा- https://www.jagran.com/news/national-physicians-and-health-warriors-presenting-the-example-of-humanity-in-epidemic-jagran-special-20459966.html

2. National Doctor's Day 2020: हमने कई साथी खोए हैं पर हार नहीं मानेंगे, हम जीतेंगे यह जंग- https://www.jagran.com/news/national-national-doctors-day-2020-we-have-lost-many-companions-but-will-not-give-up-jagran-special-20459945.html

3. National Doctor's Day 2020: इलाज करते हुए चपेट में आए ठीक होकर फिर से मैदान में- https://www.jagran.com/news/national-ncr-national-doctors-day-2020-while-recovering-again-in-the-field-jagran-special-20459919.html

4. Coronavirus India News Updates: देश में बीते 24 घंटों में 13,159 लोग हुए ठीक, करीब 3.50 लाख मरीज रिकवर- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-news-updates-18653-cases-were-reported-in-the-last-24-hours-in-the-country-more-than-3-lakhs-47-thousand-patients-recovered-20459705.html

5. Covid-19: मिजोरम में टेस्ट किए एक दिन में 22 नमूनों में सभी आए नेगेटिव- https://www.jagran.com/news/national-covid19-all-samples-negative-in-22-samples-tested-in-mizoram-in-one-day-20459618.html

6. PM गरीब कल्याण अन्न योजना से गरीबों पर कोरोना का प्रभाव होगा कम: सदानंद गौड़ा - https://www.jagran.com/news/national-pm-garib-kalyan-

anna-yojana-cushion-impact-of-covid19-pandemic-on-poor-sadananda-gowda-20459530.html

7. कोरोना महामारी की चपेट में आए मरीजों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर पहुंची 59.07 फीसद- https://www.jagran.com/news/national-coronation-epidemic-patients-recovery-rate-increased-to-5907-percent-20457485.html

8. कोरोना संकट के बीच केंद्र ने दिल्ली को दी बड़ी राहत, कच्ची कॉलोनियों में संपत्ति की खरीद आयकर मुक्त- https://www.livehindustan.com/ncr/story-govt-exempts-properties-in-delhi-s-unauthorised-colonies-from-income-tax-3319072.html

9. सरकारी अस्पतालों को मुहैया कराये गये वेंटिलेटर 'बीआईपीएपी' मोड से लैस- https://www.livehindustan.com/national/story-ventilators-provided-to-government-hospitals-equipped-with-bipap-mode-3318859.html

10. After Achieving Recovery Rate Of 77 Per Cent, MP Launches 'Kill Corona Campaign' To Conduct Door Surveys- https://swarajyamag.com/insta/after-achieving-recovery-rate-of-77-per-cent-mp-launches-kill-corona-campaign-to-conduct-door-surveys

11. UPSC Allows Civil Services Aspirants To Change Their Preliminary Exam Centres Amid COVID-19 Pandemic- https://swarajyamag.com/insta/upsc-allows-civil-services-aspirants-to-change-their-preliminary-exam-centres-amid-covid-19-pandemic

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस से 507 मौतें हुईं और 18,653 नए मामले सामने आए। भारत में COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5,85,493 है, जिनमें 2,20,114 सक्रिय मामले, 3,47,979 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 17,400 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

30 जून(कल) तक कुल 86,26,585 सैंपल टेस्ट किए गए, जिसमें से 2,17,931 सैंपल कल टेस्ट किए गए: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

कोरोना महामारी के चलते PPE किट्स के निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई थी। अभी देश की उत्पादन क्षमता को देखते हुए सरकार ने निर्यातकों को कुछ शर्तों का पालन करते हुए हर महीने 50 लाख यूनिट निर्यात करने की मंजूरी दे दी है: अपर महानिदेशक विदेश व्यापार कार्यालय

महाराष्ट्र में आज 245 मौतें और 4878 नए COVID19 पॉजिटिव मामले रिपोर्ट किए गए। राज्य में कुल मामलों की संख्या 1,74,761 तक पहुंच गई है जिसमें 75,979 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पंजाब में आज 150 नए COVID19 पॉजिटिव केस और 6 मौतें रिपोर्ट हुईं। कुल मामलों की संख्या बढ़कर 5568 हो गई और मरने वालों की संख्या 144: राज्य स्वास्थ्य विभाग

चंडीगढ़ में COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 440 है और मरने वालों की संख्या 6। अब तक कुल 70 सक्रिय मामले हैं: स्वास्थ्य विभाग, चंडीगढ़

पिछले 24 घंटों में कोरोना के 672 नए मामले सामने आए हैं। इस समय एक्टिव केस 6711 हैं। पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज लोगों की संख्या 16084 है और डिस्चार्ज लोगों का प्रतिशत 68.46। अब तक कोरोना से 697 लोगों की मृत्यु हो चुकी है: लखनऊ,प्रमुख सचिव स्वास्थ अमित मोहन प्रसाद

पिछले 24 घंटे में राज्य में 67 पुलिसकर्मी कोरोना वायरस पॉजिटिव आए हैं। पुलिस बल में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,097 हो गई है और कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा 59 है: महाराष्ट्र पुलिस

असम में कोरोना वायरस के 41 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,835 है: असम के स्वास्थ्य मंत्री हेमंत बिस्वा सरमा

पिछले 24 घंटे में आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के 704 नए मामले सामने आए हैं और 7 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 14,595 है जिसमें 7,897 सक्रिय मामले, 6,511 डिस्चार्ज हो चुके मामले और 187 मौतें शामिल हैं: राज्य कोविड-19 कंट्रोल रूम

राजस्थान में 94 नए मामले सामने आए और 4 मौतें हुईं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 17,754 है जिसमें 3,397 सक्रिय मामले और 409 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

राज्य में कोरोना वायरस के 8 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 460 हो गई है जिसमें 292 सक्रिय मामले और 168 ठीक हो चुके मामले शामिल हैं: नागालैंड स्वास्थ्य मंत्री

ओडिशा में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 206 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 7,065 हो गई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

वर्तमान महामारी के समय आई तमाम मुश्किलों से संघर्ष करते हुए चुनौतियों में अवसर को तलाशना

निश्चित रूप से यह दौर भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए अब तक के इतिहास में शासन और प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। मानवीय इतिहास में शायद ऐसा पहली बार हुआ जब आपदा के समय में मनुष्य, मनुष्य से दूर रहने को विवश है। भारत तो ऐसा देश है जहां आपस में भले ही लाख गिले-शिकवे हों, लेकिन सुख-दुख का बोझ मिलकर उठाया जाता है। इस कठिन समय में होने वाले पलायन को किसी राजनीतिक पार्टी से जोड़ने से बेहतर है कि हम उसकी बुनियादी समस्या को समझें। जो लोग अपने पैतृक निवास से दूर शहरों में रहते थे, उनके लिए शहर अभिभावक की तरह थे। जिनके लिए कोई ठोस आंिथक संसाधन नहीं है, उसके लिए गांव में रहना मुश्किल है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने के लिए लोग भारी संख्या में शहरों की तरफ भागे। धीरे-धीरे उन लोगों ने शहर में एक गांव बसा लिया। यातायात की तमाम सुविधाओं के बाद भी मजदूरों को नंगे पांव अप्रैल-मई के अंगार होते रास्तों से अपने गावों की तरफ लौटना कष्टकर रहा होगा। वे लोग जो बिना कुछ सोचे-समझे अपने घरों की ओर निकल गए थे, उन्हें ये भी पता नहीं था कि वे पहुंचेंगे भी या नहीं। ये लोग किसी भी सत्ता को बनाने और ध्वस्त करने वाले लोग हैं, जिनके मतदान से इतिहास बदल जाते हैं। ये वे लोग हैं जिनसे देश आबाद है। यही वे लोग हैं जिनकी कोई जाति और धर्म नहीं है। वे सिर्फ मजदूर हैं और खट कर खाने वाले हैं। सरकारें अपनी तरफ से इनके लिए लगातार कोशिशें कर रही हैं, बावजूद इसके उनका जीवन दुधारी तलवार है। जिन गांवों को छोड़कर वो शहरों में आए थे उन्हीं गांवों में हमेशा के लिए लौटते हुए उनका मन न जाने कैसा हुआ होगा। हालांकि कई संस्थाओं द्वारा बुनियादी चीजों को उन लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-struggling-against-all-the-difficulties-faced-during-the-current-pandemic-finding-opportunities-in-challenges-jagran-special-20459822.html

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey